तापमान
अधिकतम 12.9 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

11 लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई



12 बुलावे पर कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक



## खबर संक्षेप

### सड़क के किनारे खड़ा कंटेनर चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** जीटी रोड पर सड़क किनारे खड़ा कंटेनर चोरी हो गया। कंटेनर चालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में दादीपुर असगरपुर, जिला अमीगंज, यूपी के रहने वाले राजीव ने बताया कि वह ट्रकों पर बतौर चालक नौकरी करता है। वह गोपालनगर, नजफगढ, दिल्ली निवासी संजय शर्मा के कंटेनर को लेकर दिनांक 6 जनवरी को गन्नौर आया था। कंटेनर खाली करने के बाद गाड़ी लाक कर वह खाना खाने के होटल गया था। जब वह खाना खा कर वापिस लौटा तो उसकी गाड़ी चोरी हुई मिली।

### डेबिट कार्ड बदल खाते से 25 हजार रुपये निकाले

**गोहाना।** गांव सरगथल के ग्रामीण से गोहाना शहर में उसका डेबिट कार्ड बदलकर उसके खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए गए। ग्रामीण ने एटीएम से पैसे निकलवाने के दौरान उसका डेबिट कार्ड बदला था। गांव सरगथल के वतन ने पुलिस को बताया कि वह शहर में किसी काम से आया था। वह वाल्मीकि चौक के निकट एक बैंक के बाहर लगे एटीएम से पैसे निकालने गया। वहां पर एक अंजान व्यक्ति खड़ा था। उस व्यक्ति ने उसे बातों में उलझा लिया और चालाकी से उसका डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में उसके खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए गए।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी गांव रभड़ा निवासी कृष्ण पुत्र आजाद है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। 7 जनवरी को सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार अपनी पुलिस की टीम के साथ गश्त पर थे। पुलिस ने बुसाना रोड मुंडलाना अनाज मंडी से उक्त आरोपित को एक अवैध पिस्तौल व तीन जिन्दा रौंद सहित काबू कर लिया। इस घटना का अवैध हथियार अधिनियम के अन्तर्गत थाना सदर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने इस अवैध हथियार को अज्ञात राहगीर से लिया था।

### सिसाना में ठेकेदार पर जानलेवा हमला

**खरखौदा।** सिसाना गांव में सेहरी मार्ग पर एक ईंट भट्ठा ठेकेदार पर जानलेवा हमला होने का मामला प्रकाश में आया है। ठेकेदार रोहित को हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। घायल रोहित के चाचा नरेश दहिया खरखौदा अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हैं। उनका भतीजा रोहित एक ईंट भट्ठे का ठेकेदार है, जो देखभाल के लिए सेहरी मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान देर शाम को क्रेटा गाड़ी में सवार होकर आए करीब पांच युवकों ने उस पर रंजिशन जानलेवा हमला कर दिया।

## मौसम में ठंडक के कारण लोगों को नहीं मिल रही राहत

# दो घंटों के लिए निकले सूर्य देव, फिर भी 7 डिग्री पर रहा न्यूनतम तापमान

- कई दिनों के बाद सोमवार को हुए सूर्य देव के दर्शन, अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

जिले में सोमवार को सिर्फ दो घंटों के लिये सूर्य देवता के दर्शन हुए। दोपहर बाद लगभग दो घंटों के लिये सूर्य आसमान में दिखाई दिया था, लेकिन इसके बाद फिर से बादलों ने सूर्य की चमक को रोक लिया। जिसके कारण वातावरण में ठंडक बनी रही। न्यूनतम तापमान भी 7 डिग्री के आसपास बना रहा। हालांकि अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके बावजूद लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल सकी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में हलकी बूंदाबांदी के बाद ठंड में कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग द्वारा तीन दिनों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि इस ठंड की वजह से गेहूं की फसल को फायदा बताया जा रहा है। जबकि ठंड के चलते कोहरे और धुंध के कारण यातायात पर प्रभाव पड़ रहा है। सड़कों पर सुबह और शाम के समय वाहनों के पहिये धीमे हो रहे हैं, जबकि रेलगाड़ियों भी देरी से चल रही हैं। सोमवार को भी कुछ गाड़ियां 15 घंटों की देरी से चली। जिसके चलते रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिले में लगभग दो घंटों के लिये सूर्य देव के दर्शन हुए थे। दोपहर बाद लगभग 3 बजे आसमान में सूरज अपनी चमक के साथ निकला तो मौसम में ठंडक कुछ कम हुई थी। लेकिन इसके बाद जब आसमान में बादलों ने सूर्य देव को फिर से अपने आगोश में ले लिया तो इसके बाद फिर से ठंड बढ़ गई। शाम के समय ठंड बढ़ने के साथ-साथ धुंध भी बढ़ गई थी। तापमान में गिरावट का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। सोमवार को जिले में अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि रविवार के मुकाबले कुछ अधिक था। जबकि न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि रविवार की ही भांति था।

अधिकतम तापमान में वृद्धि की वजह कुछ देर के लिये सूरज का निकलना रहा। जबकि न्यूनतम तापमान के 7 डिग्री पर बने रहने के कारण ठंड भी बनी रही। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि 11 जनवरी के बाद तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी, जोकि निरंतर जारी रहेगी।

### अप ट्रैक की ट्रेनें

| गाड़ी संख्या | ट्रेन का नाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 11841 | गीता जयंती एक्सप्रेस | 15:00 घंटे |
| 15707 | आम्रपाली एक्सप्रेस | 08:54 घंटे |
| 04451 | एचएनके सवारी गाड़ी | 01:40 घंटे |
| 12311 | नेताजी एक्सप्रेस | 03:09 घंटे |
| 18101 | संभलपुर एक्सप्रेस | 01:05 घंटे |
| 11077 | झेलम एक्स्रपेस | 02:18 घंटे |



### डाउन ट्रैक की ट्रेनें

| गाड़ी संख्या | ट्रेन का नाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 11078 | झेलम एक्सप्रेस | 03:00 घंटे |
| 12460 | सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 00:40 घंटे |
| 12058 | जन शताब्दी एक्सप्रेस | 01:07 घंटे |
| 04452 | कुरुक्षेत्र-दिल्ली मेमू | 02:200 घंटे |
| 11842 | गीता जयंती एक्सप्रेस | 15:00 घंटे |

### कई घंटे देरी से चल रहीं एक्सप्रेस ट्रेनें

जिले में कोहरे के कारण ट्रेनों के देरी से चलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को खजुराहो से चलकर कुरुक्षेत्र जंक्शन जाने वाली गाड़ी संख्या 11841 गीता जयंती एक्सप्रेस 15 घंटे तक की देरी से चली। वहीं कटिहार से चलकर अमृतसर जाने वाली गाड़ी संख्या 15707 पश्चिम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 9 घंटे तक की देरी से चली। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कोहरे के कारण रेलवे यातायात प्रभावित

कोहरे के कारण रेलवे यातायात प्रभावित हो रहा है। लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।
- **दीपक कुमार**, जन संपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे, दिल्ली।

## हरियाणा की पहचान खेल व खिलाड़ियों से : तरुण



**सोनीपत।** पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए भाजपा नेता।

- वार्षिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पहुंचे भाजपा नेता तरुण देवीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

मुरथल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा जबकि वशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने शिरकत कर खिलाड़ियों की हौसलाफजाही की।

भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलो और खिलाड़ियों का प्रदेश है। उन्होने कहा कि आज हरियाणा की पहचान खेलों की वजह से राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है। आज कोई भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता जैसे एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ प्रतियोगिता या ओलंपिक हो, देश में सबसे अधिक मेडल जीतने वाला प्रदेश हरियाणा है। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार खेलो और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आज अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले के साथ-साथ प्रतिभागी को भी अवार्ड मिलता है। उन्होने कहा कि आज खेलो द्वारा भी उज्जवल भविष्य बनाया जा सकता है। खेलों के आधार पर मेडल विजेता खिलाड़ियों को उच्च स्थान पर नौकरियां दी जा रही हैं। करोड़ों रुपए इनाम राशि खिलाड़ियों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज खेलों को भी बेहतर भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम के पश्चात विजेता खिलाडियो को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## हथियार उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

- बड़ौली में बहन की गोली मारकर हत्या करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

गांव बड़ौली में बहन की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को हथियार उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव नई बसौदी निवासी सूरज है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। गांव बड़ौली निवासी रणजीता ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी राखी चंडीगढ़ से एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उस पर अपहरण व फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें वह जेल चली गई थी। डेढ़ माह पहले ही जमानत पर आई थी। उन्होंने बताया था कि 6 नवंबर को उनके जेठ दरियाव सिंह का निधन हो गया था। जिस पर बेटा विजय मसूरी से घर आया था। 10 नवंबर की सुबह साढ़े पांच बजे वह दोनों बेटों के साथ जेठ के घर गई थी। वहां से उसका बेटा विजय जल्दी घर आ गया था। उसे व बेटी राखी को चंडीगढ़ जाना था। जब वह घर आई तो बेटी खून से लथपथ पड़ी थी। उन्होंने बेटे पर हत्या का शक जताया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जिसने बहन के वापस चंडीगढ़ जाकर रहने की जिद पर वारदात को अंजाम देना कुबूल किया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल को उसके घर से ही बरामद कर लिया था।



## राठधना में वाल्मीकि चौपाल का होगा जीर्णोद्धार

- मेयर निखिल मदान, खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मीकि ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

वार्ड नं 9 के राठधना गांव में सोमवार को विधायक जयवीर वाल्मीकि, नगर निगम मेयर निखिल मदान और सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा विधायक और मेयर का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और पगड़ी पहनाई गई। गांव के वरिष्ठ नागरिक रमेश कुमार द्वारा नारियल तोड़कर कार्यों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया।

सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि वाल्मीकि चौपाल के नवीनीकरण में कमरों की मरम्मत, रंग रोगन सफेदी करवाना, शौचालय की मरम्मत, आश्यकता अनुसार नए खिड़की दरवाजे लगवाना, बिजली फिटिंग के जरुरी कार्य करवाए जायेंगे।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चौपाल के पास बने जोहड़ की सफाई और कुछ गलियों के निर्माण और मरम्मत की मांग उठायी जिस पर मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता रामकरण हुड्डा और संदीप खोखर को इन कार्यों के लिए एस्टीमेट बनाकर जरुरी टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने संबंधित ठेकेदार को सभी कार्य जल्द से जल्द और गुणवत्ता के साथ पूरा करने की हिदायत दी।

इस अवसर पर कृष्ण वाल्मीकि, रमेश वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, अमर वाल्मीकि, रामतीर्थ सरोहा, रमेश सरोहा, राजू सरोहा, जिले सरोहा, अत्तर सिंह, महेंद्र सरोहा, मेवा सिंह, रामेश्वर सिंह, देवेंद्र सिंह, अजीत सरोहा, उमर सिंह, सुल्तान आदि लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का उद्घाटन करने पहुंचे मेयर साथ में विधायक व अन्य।

### रंजिशन श्रमिक व उसके परिजनों से की मारपीट

**गोहाना।** गांव रिंढाना में श्रमिक ने पुरानी रंजिश के चलते उससे और उसके परिवार के चार सदस्यों से मारपीट का आरोप लगाया। श्रमिक से पहले रास्ते में दो लोगों ने मारपीट की और बाद में घर में घुसकर स्वजन से मारपीट की। सरवर ने बताया कि वह मजदूरी करता है। वह गांव में खेतों में पेड़ों की कटाई करवा रहा था। वह श्रमिकों के लिए घर से चाय लेने आ रहा था। रास्ते में आशीष व हिमांशु ने पुरानी रंजिश के चलते उससे मारपीट की। वह किसी तरह बचाव करके घर आ गया। इसके बाद दोनों युवक और अन्य लोग लाठी लेकर उसके घर पहुंचे और स्वजन से मारपीट की।

## पैड टूटी, तीसरी मंजिल से गिरे मिस्त्री की मौत

- दो श्रमिक घायल, भवन मालिक और ठेकेदार के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

सेक्टर-14 में एक मिस्त्री की निर्माणाधीन मकान में पलस्तर का कार्य करते हुए मौत हो गई और दो मजूदर घायल हो गए। हुआ यूं कि लकड़ी की पैड बनाकर तीसरी मंजिल पर पलस्तर का काम किया जा रहा था, इसी दौरान पैड टूट गई, जिसकी वजह से मिस्त्री और मजदूर तीसरी मंजिल से नीचे जा गिरे। हादसे में मिस्त्री की मौके पर मौत हो गई, जबकि दोनों घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक घायल मजदूर ने सुरक्षा के इंतजाम ना होने का बयान दिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने निर्माणाधीन मकान के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। बिहार के जिला अररिया के गांव ठिला मोहन फिलहाल जटवाड़ा निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि वह सेक्टर-14 में निर्माण कार्य कर रहे थे। उनके साथ झारखंड के हजारीबाग के गांव कटकमसांडी के रहने वाले मोहम्मद आसिफ अंसारी (27) व उनके मामा मुस्ताक मिस्त्री का काम कर रहे थे। तीनों लकड़ी का पैड बना कर तीसरी मंजिल पर लिपाई कर रहे थे। इसी दौरान लकड़ी का पैड टूट गया। जिसके चलते तीनों नीचे गिर गए। चोट लगने से मोहम्मद आसिफ अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके मामा मुस्ताक और श्रमिक जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। जबकि मृतक आसिफ अंसारी के शव पोस्टमार्टम कराया गया है।



**सोनीपत।** निर्माणाधीन मकान, जिसमें पैड टूटने की वजह से मिस्त्री की मौत हुई।

## मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ने किया मानदेय में कटौती का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

मिड डे मील कार्यकर्ताओं ने चिरायु योजना के तहत मानदेय में से 1500 रुपये प्रति वर्ष काटे जाने के विरोध में विरोध किया। कार्यकर्ता सोमवार को गोहाना रोड स्थित पंचायत भवन परिसर में एकत्रित हुई। वहां से जुलूस निकालते हुए लघु सचिवालय में उन्होंने नगराधीश पूजा कुमारी को पीएम पोषण मिशन के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य महासचिव कुसुम पांचाल व जिला प्रधान रेखा ने किया। एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि सरकार चिरायु योजना के तहत महिलाओं के खाते से हर वर्ष 1500 रुपये कटौती कर रही है। वर्ष में मात्र 10 माह का वेतन मिलता है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की मंशा सही नहीं है। राज्य महासचिव कुसुम पांचाल ने कहा कि 11 जनवरी को यूनियन का प्रतिनिधिमंडल पंचकूला में निदेशक से मिलकर अपनी मांग उठाएगा। इस दौरान एआईयूटीयूसी के जिला उपाध्यक्ष बलबीर सिंह, सेवानंद समेत अन्य मिड डे मील कार्यकर्ता मौजूद रही।

## डीसीआरयूएसटी में महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता

# बैंगलोर, वाराणसी, मद्रास व बीकानेर जीते

- बैंगलोर की टीम ने जबलपुर की टीम को 83-47 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बैंगलोर, वाराणसी, मद्रास व बीकानेर की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने अपने मैचों में जीत हासिल की। जैन विश्वविद्यालय, बैंगलोर की टीम ने आरडीवीवी, जबलपुर को 83-47 से पराजित कर दिया।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता खेली जा रही है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के लीग मैच में जैन विश्वविद्यालय, बैंगलोर की टीम ने आरडीवीवी, जबलपुर को एकतरफा मैच में 83-47 से पराजित कर दिया। दूसरे मैच में बीएचयू, वाराणसी की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम को 72-71 से पराजित कर दिया।

तीसरे मैच में बीकानेर विश्वविद्यालय की टीम ने एमजीवीपी, वाराणसी को एकतरफा मुकाबले में 65-25 से पराजित कर दिया। वहीं मद्रास विश्वविद्यालय की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम को 74-59 से पराजित कर दिया।



**सोनीपत।** मैच के दौरान अंकों के लिए भिड़ती खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजक सचिव व विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा, प्रो.सुरेंद्र दहिया, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के आर्ब्जवर प्रो.राकेश मलिक, नेशनल कोच जे.एन.नेहरा डा.शंकर, डा.मुकंद डा.सत्यपाल, प्रेम सिंह, धर्मबीर दलाल्र, सतबीर कलकल आदि उपस्थित रहे।

### तेंदुए जैसे जानवर की सूचना, लोगों में हड़कंप

**सोनीपत।** खरखौदा क्षेत्र के रोहट, झरोठ व फतेहपुर के आसपास तेंदुआ जैसे जानवर के आने की सूचना के बाद से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार रात को भी किसी ने तेंदुए जैसे जानवर के आने की सूचना डायल 112 टीम को दी। सूचना के बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर कोई जानवर नहीं मिला। बाद में उस जानवर के पैरों के निशान दिखे। उसके चित्र उतारने के बाद वन्य प्राणी इंस्पेक्टर सुनील कुमार के पास भेजे गए।

उन्होंने इन चित्रों को देखकर कुत्ते के पैरों के निशान होने की सूचना दी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें पिछले सप्ताह में झरोठ के पास किसी जानवर के आने की सूचना मिली थी। इसके बाद वह मौके पर गए थे, लेकिन लेकिन उस जगह पर तेंदुआ नहीं मिल पाया। ऐसे में लोगों से अपील है वह अफवाहों से दूर रहें।

## प्रभातफेरी प्रारंभ, संगत ने गाया शब्द कीर्तन



**सोनीपत।** गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कीर्तन में उपस्थित संगत। *फोटो : हरिभूमि*

- गुरु गोविंद सिंह का पावन प्रकाश पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सभी गुरुद्वारों से प्रभात फरिया आरंभ हो चुकी हैं। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 गुरुद्वारा श्री गुरु कलगीधर सिंह सभा माडल टाउन सोनीपत गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क से प्रभातफेरियां आरंभ होकर सरदार मनमोहन सिंह एवं स्वर्गीय सरदर जीत सिंह कैंपा कोला वाले के घर पहुंची। दोनों परिवारों द्वारा चारों प्रभात फेरियों का स्वागत किया गया।

संगत द्वारा गुरबाणी में से शब्द कीर्तन का गायन किया गया। मुख्य अयोजन 17 जनवरी को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क में होगा। 15 जनवरी को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क से विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा। गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा के महासचिव परमजीत सिंह ने संगत को एवं दोनों परिवारों को गुरु के प्रकाश पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर सरदार मोहन सिंह मनोचा, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार हरदीप सिंह सूरी, प्रभमीत सिंह, तेजेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, मनोज कालरा आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## विधायक के पीए के भाई का निधन

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र सिंह जून के सचिव सुरेंद्र छिल्लर के बड़े भाई समुंदर सिंह छिल्लर का 62 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। सुरेंद्र ने बताया कि दिल्ली एमसीडी में कार्यरत समुंदर सिंह को 6 वर्ष पहले ब्रेन हेमरेज हुआ था, वे तब से ही उपचाराधीन थे। रविवार सायं उनके पैतृक गांव बामड़ोली में अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में भाग लेकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

## शहर की एक कॉलोनी से बुजुर्ग महिला लापता

**बहादुरगढ़।** शहर की एक कॉलोनी से करीब 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला लापता हो गई। परिजन उसे तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी कुछ अता-पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। सेक्टर-9 चौकी क्षेत्र की एक कॉलोनी के निवासी व्यक्ति ने कहा है कि उसकी मां गंगा देवी गत दो जनवरी की दोपहर को घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी देर तक नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है।

## सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना अपराध

**झज्जर।** सोमवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक डीसी कैप्टन शक्ति सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उन्होंने कोटपा और व्यस्क लोगों के लिए बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की। डीसी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है और पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति पर दो सौ रुपये जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही दुकानों पर खुली बीड़ी सिगरेट बेचने पर भी दुकानदार का चालान किया जा सकता है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 वर्ग गज की दूरी पर किसी भी प्रकार का तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को भी यदि तंबाकू उत्पाद बेचते पाया जाता है तो उस पर भी उचित चालान किया जाए।

## नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग 20 को

**झज्जर।** रोहतक लोकसभा के अंतर्गत आने वाले नंबरदारों की मीटिंग आगामी 20 जनवरी को शहर की सर छोटूराम धर्मशाला में होगी। नंबरदार एसोसिएशन के जिला प्रधान कपूर सिंह ने बताया कि प्रातः ग्यारह बजे से शुरू होने वाली इस मीटिंग में झज्जर व रोहतक जिले की सभी तहसीलों के नंबरदार भाग लेंगे। नंबरदारों से एसोसिएशन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मीटिंग में मुख्य रूप से एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष जिले सिंह व जिला प्रधान ओमप्रकाश अहलावत मौजूद रहेंगे।

## चरस व हथियार सहित आरोपी को किया काबू

**बहादुरगढ़।** बादली थाना पुलिस ने नशीला पदार्थ व अवैध हथियार के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि नंगला गांव का निवासी नशीला पदार्थ बेचता है। इसी मंशा से वह बादली तहसील रोड पर पुल के नीचे अपने टैंपो में बैठा है।

### गांव झुण्डपुर व चौहान जोशी में जनसंवाद कार्यक्रम

# लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई

### विधायक ने 65 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई

विकसित संकल्प यात्रा के तहत गांव झुण्डपुर में आयोजिन जनसंवाद कार्यक्रम में राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली की उपस्थित में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। विधायक ने संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को गांव झुण्डपुर तथा चौहान जोशी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में विधायक ने लगभग 65 लाख की लागत से पूरे हुए चार विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों में सरकारी स्कूल में दो कमरो का निर्माण, गांव में आंगनवाड़ी का निर्माण, पीडब्ल्यूडी रोड़ से गांव के सरकारी स्कूल तक गली का निर्माण तथा गांव की फिरनी का निर्माण शामिल रहा। विधायक ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निंरतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर मुरथल ब्लॉक समिति के चेयरमैन संजय कुमार, बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, राममेहर, नरेन्द्र जांगड़ा, नंदकिशोर, राजेन्द्र सैनी, गांव झुण्डपुर के सरपंच देवेन्द्र कुमार, गांव चौहान जोशी की सरपंच जयवंती, रिंकू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व अन्य शपथ दिलाते हुए।



नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा का पार्षद पुनीत राई स्वागत करते हुए।

#### प्रदेश सरकार हर वर्ग की हितैषी

**राई।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा का राई जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई के कार्यालय पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि युवा साथी पुनीत राई पार्टी की नीतियां का प्रचार व प्रसार करने में लगे है। उन्होंने कहा कि अन्य युवाओं को उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग की सच्ची हितैषी है। भाजपा ने हर वर्ग के लिए जन कल्यणकारी नीतियां बनाकर उनके लागू किया है। आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा की सराहना कर रहा है।

#### ये रहे मौजूद

जिला महामंत्री परमवीर सैनी, राकेश कौशिक ,राकेश त्यागी, संजीव त्यागी,अनील ,प्रवेश, प्रेम, शिवम, अमित, सुनील आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 47 लोगों ने किया रक्तदान

- भाग राम ट्रस्ट गोहाना का साप्ताहिक रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भाग राम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर में भगवान परशुराम चौक में आयोजित साप्ताहिक रक्तदान शिविर में 47 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में रोटरी ब्लड बैंक सोनीपत से डॉ. वीके स्मिथ की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि सुल्तान सिंह सैनी (डिब्बे वाले) रहे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन नेत्रदान व रक्तदान को समर्पित प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक व स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर के विशेष रक्तदाता दंपति राजेश कुमार और संतोष कुमार रहे। दंपति ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। नियमित रक्तदाताओं में कर्मवीर सैनी, अंकुश, विजय कुमार, अमित, मुकेश, संदीप, सन्नी, नरेंद्र, सतीश, पवन , शैलेंद्र, सत्यदेव, नवीन, विकास और कप्तान सिंह ने रक्तदान किया।



**गोहाना।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता व उनका हौंसला बढ़ाते अतिथि।

# मोबाइल से दूरी बनाने का आह्वान

- शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

कन्या महाविद्यालय में सोमवार को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सीमांत के नेतृत्व में मनोविज्ञान विभाग में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता पंडित नेकी राम राजकीय महाविद्यालय रोहतक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दिनेश रहे। हिंदी विभाग से डॉ विजयदीप ने मंच का संचालन किया। डॉ दिनेश ने जीवन के उद्देश्य, अनुशासन, समय प्रबंधन और मोबाइल के दुष्परिणाम आदि के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि किस तरह वे अपनी समय सारणी बनाकर समय का सही उपयोग कर सकती हैं। जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत आवश्यक है। अनुशासन में रहकर समय प्रबंधन का ख्याल रखकर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आज के युग में मोबाइल के शारीरिक व मानसिक काफी दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। इसलिए मोबाइल से दूरी बनाने का संकल्प लेना चाहिए। तभी जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कैरियर में सफलता प्राप्त हो सकती है। इस अवसर पर रीनू , सुनीता व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** छात्रों को संबोधित करते प्रोफेसर डॉ दिनेश।

# पदक विजेताओं का किया सम्मान

- इंडिया मैथ कन्वेंशनल प्रतियोगिता में छाए ओम शांति शिक्षा सदन के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई

ओम शांति शिक्षा सदन नाथूपुर के छात्रों ने 17 वीं ऑल इंडिया मैथ कन्वेंशनल प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में से पदक लेकर आए विजेता प्रतिभागियों का जोश व उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। उक्त छात्रों में स्कूल की छात्रा खुशी, रविना ने द्वितीय पुरस्कार व कुमारी आँचल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। सम्मान समारोह में आप के वरिष्ठ नेता सतनारायण आंतिल के अलावा सबोली के सरपंच सुनील कटारिया, सरपंच राकेश (बढखालसा), सरपंच अशोक(रसोई), सरपंच साहब सिंह (नाथपुर) सरपंच पंकज (पबसरा),महेश आचार्य, संदीप आचार्य, करणी सेना से महामंत्री संदीप चौहान, शिक्षाविद् वेदप्रकाश खापरा आदि ने बतौर अतिथि शिरकत की। स्कूल के प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने सभी अतिथियों का पुष्प माला पहना व स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। विजेता छात्रों के स्वागत में स्कूल के विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्कूल को गौरवान्वित किया।

वेदप्रकाश ने छात्रों को 1100 रुपये नकद, सतनारायण आंतिल व आचार्य ने पुरस्कार देकर आशीर्वाद दिया।




**राई।** पदक विजेता छात्रों का सम्मान करते मास्टर सतनारायण आंतिल व अन्य।

# मिट्टी खुदाई का ग्राम पंचायत ने जताया विरोध

- कार्ट के आदेशों के बावजूद अंतराष्ट्रीय बागवानी मंडी में टेहा गांव के श्मशान घाट के चारो और कर दी खोदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में टेहा ग्राम पंचायत की श्मशान घाट की जमीन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसके बावजूद मंडी में श्मशान घाट के चारों ओर से खोदाई कर दी गई। ग्राम पंचायत ने इसका विरोध जताया है। गांव के सरपंच अब मामले की शिकायत एसडीएम से करेंगे। गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के निर्माण के लिए सरकार ने टेहा गांव की पंचायती जमीन का अधिगृहण किया था। मंडी में उस समय गांव के मंदिर की करीब एक एकड़ जमीन के साथ-साथ श्मशान घाट की जमीन भी चली गई थी। जिसके बाद से ग्रामीण लगातार श्मशान घाट को स्थानांतरण न करने की मांग करते आ रहे थे। यह मामला हाइकोर्ट में चला गया था। जिसके बाद से हाइकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते स्थिती को यथावत रखने के आदेश जारी कर रखे हैं। इसके बावजूद मंडी में शमशान घाट के चारों और की जमीन की खोदाई करवा दी गई। शमशान घाट की खोदाई उस समय की गई जब वहां शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। खोदाई करने वालों ने अंतिम संस्कार की अग्नी शांत होने का भी इंतजार नहीं किया।




**गन्नौर।** अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में टेहा गांव के शमशान घाट के पास खुदाई करती पोपलेन व साथ में जलती चिता।

#### पहले लोगों को सुविधा दे उसके बाद निर्माण कार्य करवाएं प्रशासनः सरपंच

गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि मंडी में निर्माण कार्य करवाने से पहले गांव के लोगों को सुविधा दी जाए। लेकिन ग्रामीणों की समस्या की तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है। सरपंच ने कहा कि वे बार-बार समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे है लेकिन सुनवाई कोई नही कर रहा। उन्होंने चेताया कि यही हाल रहा तो वे दूसरा रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# अनुदान राशि जारी करने पर सीएम का जताया आभार

- गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने अनेकों योजनाएं लागू की : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

विधायक निर्मल चौधरी ने गांव सांदल कलां स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला के वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिकरत की। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा गन्नौर की 8 गौशालाओं को 80 लाख 39 हजार 250 रुपये की अनुदान राशि जारी करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान विधायक व हरियाणा राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने सांदल कलां स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला को 4 लाख 17 हजार 750 रुपए के चैक वितरित किए। इसके अलावा 2 लाख रुपये विधायक ने अपने निजी कोष से दिए। विधायक ने उपस्थित गौ सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ सेवा हमारी सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक है,जिसका वर्णन इतिहास में भी मिलता है। हरियाणा राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गौशालाओं के लिए सबसे बड़ा सहारा बनी है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गौसेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक, सादंल कला गऊशाला के प्रधान राधेश्याम, कृष्णा राठी प्रधान, महक फोगाट, ईश्वर दत्त ,डॉ प्रताप, कवरभान, पप्पू राठी, जगमिन्द्र ठेकेदार, कृष्ण आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



वार्षिक महोत्सव में विधायक को मांग पत्र सौपते गोशाला समिति के पदाधिकारी।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने हां मैं हिंदू गीत का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

हां मैं हिंदू गीत का विमोचन सोमवार को भाजपा जिला सोनीपत के पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने किया। गीत विमोचन कार्यक्रम भाजपा के शहर में जींद रोड स्थित कार्यालय में आयोजित हुआ। कौशल्ये आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हां मैं हिंदू गीत तैयार किया गया है। इस गीत के निमार्ता प्रेम दहिया और निदेशक मनीष एस कुमार हैं। इस गीत को रोहित गुप्ता द्वारा गाया गया है। इसकी कलाकार टीम में नेहा गुप्ता, मीतू, मनोज सरोहा, प्रवेश, जगदीश दहिया, प्रदीप कश्यप और अनुराग दहिया शामिल हैं। दिग्दर्शन परम संत रमेश विमल जी महाराज का रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने कहा कि सनातन संस्कृति को समर्पित इस गीत के बोल निराले हैं। यह गीत युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति की ओर अग्रसर करेगा।



**गोहाना।** कलाकारों के साथ गीत का विमोचन करते पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा।

# स्वामी भीष्म ने फूंका था आजादी के आंदोलन का बिगुलः आजाद

- 85 भजन मंडलियां तैयार कर गांव गांव जगाई थी आंदोलन की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

125 वर्ष लंबे जीवन का आनंद लेने वाले स्वामी भीष्म की 40वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के सेक्टर 7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में उनके चित्र पर नागरिकों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि भेंट की। तत्वावधान आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे का रहा।

मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में स्वामी भीष्म की मुख्य भूमिका रही। उन्होंने 85 मंडली तैयार की तथा गांव-गांव आजादी का बिगुल बजाया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ जन चेतना अभियान भी छेड़ा। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता प्रेम लाल आर्य ने की जो आर्य समाज की बरोदा रोड इकाई के अध्यक्ष हैं। प्रेम लाल आर्य ने कहा कि स्वामी भीष्म के सवा सदी लंबे जीवन पर विभिन्न विश्वविद्यालयों में शोध हुए। उन्होंने भजनों की 250 पुस्तकों की रचना की।



स्वामी भीष्म महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते मोर्चा के सदस्य।

### डीसीपी भारती डबास ने धारा 144 लागू के तहत जारी किए आदेश

# रात 10 से प्रातः 6 बजे तक डीजे पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

गोहाना क्षेत्र में रात को 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही ट्रैक्टर व अन्य वाहनों पर भी स्पीकर लगाकर तेज आवाज में गाने बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सीआरपीसी की धारा 144 की अनुपालना में सोमवार को ये निर्देश गोहाना की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट भारती डबास ने जारी किए। डीसीपी ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशानुसार डीजे बजाने का समय रात्रि 10.00 बजे तक का है। प्रायः देखने में आया है कि लोगों द्वारा इन आदेशों की अवहेलना की जा रही है। इसी के साथझसाथ यह भी आमतौर पर देखने में आया है कि लोग अपने ट्रैक्टरों पर बड़े-बड़े स्पीकर लगाकर तेज आवाज में गाने बजाते हुए चलते हैं। जिससे सडक दुर्घटनाएं घटित होने का अंदेशा रहता है। ऊंची आवाज से छोटे बच्चे, बुजुर्ग व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं व पशुओं को काफी परेशानी होती है और झगड़ा होने की संभावना बनी रहती है। उनके अनुसार केंद्र सरकार ने विभिन्न स्त्रोतों से ध्वनि प्रदूषण को विनियमित करने के लिए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 को अधिसूचित किया है। इसके अलावा, देश के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी 18 जुलाई, 2005 को ध्वनि प्रदूषण बनाम अज्ञात मामले में इस संबंध में कुछ निर्देश जारी किए हैं।

#### अश्लील संगीत बजाने वाले भी नपेंगे



डीसीपी गोहाना ने क्षेत्र के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं यूनिट प्रभारियों को निर्देश दिए कि आदेशों को सख्ती से लागू कराया जाए। नियमों की अवहेलना करने वालों पर मामला दर्ज किया जाए। इसके साथ ही तेज ध्वनि में लाउडस्पीकर, डीजे, म्यूजिक सिस्टम बजाने तथा ट्रैक्टर या अन्य किसी वाहन पर अश्लील/फूहड़ संगीत बजाने वालों पर बैन होगा तथा उल्लंघना करने वालों पर कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

#### अवहेलना पर कार्रवाई होगी

गोहाना जोन कमिश्नरेट, सोनीपत में रात 10 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे और पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि के इस्तेमाल पर रोक लगाने का आदेश दिया गया है।

इसके अलावा, सार्वजनिक स्थान की सीमा पर जहां लाउडस्पीकर आदि का उपयोग किया जा रहा है, शोर का स्तर क्षेत्र के परिवेशीय शोर मानकों से 10 डीबी(ए) से अधिक नहीं होना चाहिए। निजी स्वामित्व वाली ध्वनि प्रणाली का परिधीय शोर स्तर, निजी स्थान की सीमा पर और उस क्षेत्र के परिवेशीय शोर मानकों से 5 डीबी (ए) से अधिक नहीं होना चाहिए।

## खबर संक्षेप




### नीचे से ऊपर होनी चाहिये राजनीति : टोंक

सोनीपत। 12 जनवरी को पार्वत गार्डन में सर्वसमाज सम्मेलन और मेडिकल मेले का होगा आयोजन। डा. राजेंद्र सिंह टोंक ने कहा कि राजनीति नीचे से ऊपर होनी चाहिये। पहले आम आदमी से जुड़े हुए लोगों को आगे आना होगा। पैराशूट कैंडीडेट सही मायनों में क्षेत्र और राजनीति के लिये नुकसानदायक हो सकता है।



### जरूरतमंद लोगों को वितरित किए गए कंबल

**सोनीपत।** एसएस जैन सभा में मंगलवार से सुभद्र मुनि महाराज, अमित मुनि महाराज प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व सोमवार को गुरुदेव के सानिध्य में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान समाज में लोगों की मदद करने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान सतपाल जैन, अशोक जैन, अमित जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन आदि समेम काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## तारा नगर, सेक्टर 7, सेक्टर 15 स्थित घरों में चोरों ने की वारदात

# तीन घरों व एक दुकान से लाखों का सामान चोरी

- मिशन रोड पर दुकान से चोरी, सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है संदिग्ध चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बढ़ती ठंड एक ओर तो जनजीवन को प्रभावित कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर ठंड की वजह से चोरी की वारदात में इजाफा हो रहा है। ठंड के कारण रात के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम होती है, जोकि चोरों के लिये फायदेमंद हो रही है। इसी वजह से चोर बंद घरों और दुकानों को निशाना बना रहे हैं। सोमवार को भी अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने तीन घरों व दुकान से लाखों के आभूषण, नकदी व सामान चोरी कर लिए। पॉश इलाके सेक्टर-15 व 7 में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है। वहीं मिशन रोड स्थित दुकान से चोर नकदी ले गया। संदिग्ध वहां लगे सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है।



सोनीपत। मिशन रोड स्थित दुकान में लगे सीसीटीवी में दिखाई देता संदिग्ध।

### पैतृक गांव गए परिवार के घर आभूषण चोरी

सेक्टर-7 निवासी सुशील कुमार ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से फरीदाबाद के गांव तिगांव के रहने वाले हैं। वह 28 दिसंबर, 2023 को अपने परिवार के साथ पैतृक गांव गए थे। घर पर ताला लगा था। वह 7 जनवरी की रात को घर पहुंचे तो खिडकी टूटी मिली। खिडकी तोडकर चोर घर में घुस गए। चोर अंदर से लैपटॉप, छह सोने की अंगूठी, पाजेब, कडूली, दो घड़ी व नकदी चोरी कर ले गए थे। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। सोमवार को पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वैष्णो देवी गए परिवार के घर लाखों की चोरी

तारा नगर में बंद घर से चोर डेढ़ लाख रुपये, सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। कच्चे क्वार्टर स्थित अशोक नगर निवासी निखिल ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया कि उनके मामा तारा नगर निवासी शेखर परिवार सहित वैष्णो देवी मां के दर्शन करने गए हैं। उनके घर का ताला टूटा देखकर पड़ोसी ने उन्हें अवगत कराया। निखिल ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। मामले से मामा को अवगत कराया। मामा के बताए अनुसार जांच की तो घर से 1.50 लाख रुपये और सोने की अंगूठी व कानों के टॉप्स गायब थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फिंगर प्रिंट्स एक्सपर्ट को बुलाकर सबूत एकत्रित किए। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुस्तक भंडार में चोरी

मिशन चौक स्थित सुरेंद्र बुक डिपो के शटर का ताला तोडकर चोर रुपये डालने का गल्ला उठा ले गया। वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। बुक डिपो संचालक राजेंद्र ने बताया कि सुबह दुकान पर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अंदर से गल्ला गायब था। जिसमें नकदी रखी थी। नकदी के बारे में हिसाब-किताब के बाद पता चल पाएगा। उन्होंने सीसीटीवी देखा तो चोर रात को 2 बजकर 50 मिनट 10 सेकेंड पर दुकान के अंदर घुसता दिख रहा है। उसने अंदर आकर टार्च से इधर-उधर देखा इसके बाद गल्ला उठा कर काउंटर पर रखा। एक बार बाहर जाकर स्थिति देखी। इसके बाद दोबारा से अंदर आया और गल्ला उठा कर बाहर भाग गया। चोर ने वारदात को महज 36 सेकेंड में ही अंजाम दे दिया। शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कंप्यूटर इंजीनियर के घर से आभूषण चोरी

सेक्टर-15 निवासी सुशील कुमार ने बताया कि वह कंप्यूटर इंजीनियर हैं। 7 जनवरी को उनके पिता व पत्नी घर को बंद कर उत्तर प्रदेश के बलिया चले गए। वह काम से गाजियाबाद चले गए। वह सोमवार को वापस आए तो घर का ताला टूटा था। चोर ताले तोडकर अलमारी से सोने की हार, टीका, चुड़िया, सोने की पांच अंगूठी, तीन चेन, तीन आयरन, मंगलसूत्र, पायल, नाक का कोका व चांदी का सिक्का चोरी मिले।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया

- गीता विद्या मंदिर के शिक्षक टीम बनाकर शहर में घर-घर पहुंचे निमंत्रण देने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। समारोह को लेकर सनातन धर्म मानने वाले लोगों में भारी उत्साह है। इसी उत्साहपूर्वक सोमवार को स्थानीय गीता विद्या मंदिर विद्यालय के शिक्षकों ने शहर में घर-घर जाकर प्रभु श्रीराम का चित्र, निमंत्रण पत्र और अक्षत भेंट करके लोगों को समारोह का निमंत्रण दिया।

गीता विद्या मंदिर विद्यालय द्वारा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत दूसरे चरण में घर-घर जाकर लोगों में अक्षत वितरण के साथ प्रभु श्रीराम का चित्र और निमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमानंद लोहिया, प्रबंधक सुरेंद्र गग्र, प्राचार्य अश्विनी कुमार और अन्य शिक्षकगण रेलवे कालोनी में घर-घर पहुंचे। शिक्षकों की टीम में मोहिनी, निर्मल गोयल, नीलम, जनता, शैलजा, उषा विरमानी, अंजुबाला, दीपक कपूर, सोनू, रेणु मलिक, रचना सिंगला, मोनिका शर्मा, स्नेहलता, रजनी, निर्मला, वेद प्रकाश, सोमनाथ, मीना यादव, देवेन्द्र और हरि गोपाल शामिल रहे।



गोहाना। घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देते हुए अध्यक्ष परमानंद लोहिया व शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

### मारपीट व जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में मामला दर्ज

**गन्नौर।** पुगथला गांव में गांव के दो लड़कों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि दोनो लडकों ने उसे जाति सूचक शब्द भी कहे। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुगथला निवासी एक युवक ने बताया कि वह रविवार को गांव के अड्डे पर था। इस दौरान गांव के अनिल व सुरेंद्र वहां आए और उसके साथ मारपीट की और उसे जाति सूचक शब्द भी कहे। इसके बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपित अनिल व सुरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थी ग्रहण करेंगे जीवन कौशल की जानकारी

- शहर में दीनबंधु चौ. छोटूराम चौक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 5 दिन का स्पेशल शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

शहर में दीनबंधु चौ. छोटूराम चौक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को 5 दिन का स्पेशल शिविर प्रारंभ हो गया।

यह शिविर किशोरी छात्राओं के लिए है। शिविर में उन्हें जीवन कौशल से सीधे जुड़े विभिन्न पहलुओं का उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन बी.आर.सी. कांता कांद्यान और एकाउंट्स एग्जीक्यूटिव गौरव कपूर पहुंचे। इस शिविर में किशोरी छात्राओं को जीवन कौशल विकसित करना, विभिन्न कार्यालयों की कार्य प्रणाली को समझाना, अपने ज्ञान को दूसरे सहपाठियों में शेयर करना, कच्ची उम्र में भावनाओं का प्रबंधन आदि सिखाए जाएंगे। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों तथा कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर कमलेश, रविता, सुदेश, महेंद्र आदि भी उपस्थित रहे।

# गोसेवा और काली मां के दर्शन किए

- गौसेवा के लिए छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखा रवाना करते हुए प्राचार्या ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की यूथ रैडक्रॉस इकाई ने साल-2024 की शुरूआत गौसेवा और माँ काली के दर्शनों से की, जिसके लिए प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कालेज से छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने इस पुनीत कार्य के लिए छात्राओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया। प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कहा कि गाय को हम माता के रूप में पूजते हैं, जिसकी सेवा करना सबका कत्तव्य बनता है। गौमाता की सेवा बेहद परोपकारी कार्य है, जिसे सदैव समर्पण भाव से करना चाहिए। यूथ रैडक्रॉस इकाई की स्वयंसेविकाएं इसके लिए आगे आई, जो कि गर्व की बात है। प्राचार्या ने छात्राओं को गौसेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।




सोनीपत। गोशाला में गायों को रोटियां खिलाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# फ्लाईओवर को चौड़ा करने की संभावना पर किया विचार-विमर्श

- जाम की समस्या दूर करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने किया फ्लाईओवर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रमुख सड़कमार्गों व क्षेत्रों में जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने हिंदू कालेज के समक्ष बने फ्लाईओवर के चौड़ीकरण की संभावनाओं को भी तलाशने के लिए पैदल चलते हुए ही स्थिति का जायजा लिया।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार हिंदू कालेज के समक्ष फ्लाईओवर के नीचे पैदल चलते हुए गुड़मंडी तक गए। उन्होंने फ्लाईओवर को चौड़ा किये जाने की संभावनाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। साथ ही वे सेक्टर-23 से महलाना चौक से तिरंगा चौक होते हुए शनि मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर जाम की स्थिति का गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों के दोनों ओर अतिक्रमण का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण करने उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ सड़कमार्गों व फ्लाईओवर की गुड़मंडी वाली दिशा के मार्ग को चौड़ा किये जाने की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने अतिक्रमण से भी उपजने वाली जाम की समस्या को लेकर भी मंथन किया। इस मौके पर एक्सईएन प्रशांत कौशिक तथा एक्सईएन पंकज गौड़ आदि मौजूद रहे।




सोनीपत। पैदल निरीक्षण करते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### क्षेत्रों में पड़ता है ट्रैफिक का अतिरिक्त बोझ

हिंदू कालेज के समक्ष फाटक पर बनाये गये फ्लाईओवर की गुड़मंडी वाली दिशा में चौपहिया वाहन चालकों को एकमार्ग ही मिलता है। गुड़मंडी की ओर वाला फ्लाईओवर का मार्ग संकीर्ण होने के कारण गुड़मंडी की ओर से चारपहिया वाहन चालक इस मार्ग का प्रयोग नहीं कर पाते। इस कारण उन्हें घूमकर ककरोई चौक-शनि मंदिर की ओर से अथवा सूरी पैट्रोल पंप वाली गली का प्रयोग करना पड़ता है, जिससे इन क्षेत्रों में ट्रैफिक का अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

## शराब के नशे में धुत युवकों ने ग्रामीण को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव आहुलाना में शराब के नशे में दो युवकों ने एक ग्रामीण से मारपीट की। ग्रामीण पशु अस्पताल के पास लकड़ी जलाकर सर्दी से बचाव कर रहा था। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। अमरजीत ने पुलिस को बताया कि वह गांव में पशु अस्पताल के पास लकड़ी जलाकर बैठा हुआ था। उसी समय गांव का मोहित व नेहरू आए उसे पीटना शुरू कर दिया। दोनों जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कुछ देर उसका भाई अभिमन्यु वहां आया तो उसने उसे पूरी बात बताई। आरोपितों ने शराब के नशे में उससे मारपीट की। उसे नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# बुलावे पर कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक

- कर्मचारियों की मांगों को लेकर बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यकारी अभियंता मौहम्मद आशिक से उनके कार्यालय डीएंडपी डिवीजन माडल टाउन सोनीपत में मिलने के लिये पहुंचा।

ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि शिष्टमंडल द्वारा कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों बारे में कार्यकारी अभियंता कार्यालय को पत्र लिखा गया था जिसके उपरांत कार्यकारी अभियंता द्वारा संगठन को लिखित में समय देकर कर्मचारियों की मांगों को हल करने के लिए मीटिंग के लिए बुलाया गया। जिसमें संगठन द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा मांगों के जल्द से जल्द समाधान की मांग की। कार्यकारी अभियंता द्वारा भी संगठन को बताया गया कि कुछ मांगों को मांग पत्र मिलने के बाद पूरा कर दिया गया और बाकी बची मांगों को पूरा करने का भी आला अधिकारियों से पूरा करने के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं और बाकी बची कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही पूरा करने का वादा किया। कर्मचारियों की मुख्यत मांगों में बकाया एलटीसी बिलों मेडिकल बिलों जीपीएफ बिलों के भुगतान में तेजी लाने, जूते डांगरी रेन कोट सेफ्टी किट जारी करने, साइडों पर पंखे कुर्सी देने बारे, जर्जर पड़े जलघरों की मुरम्मत करने बारे, ड्यूटी आईकार्ड बनाने बकाया साबुन तेल देने , 1996 के रेगुलर कर्मचारियों का इंक्रीमेंट एरियर का भुगतान करने आदि शामिल हैं।

बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज, ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा, ब्रांच सचिव सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश नैयर, उपप्रधान रमेश कुमार, रणबीर सिंह, ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा, कार्यालय स्टाफ से उपमंडल अभियंता धर्मवीर सिंह, कनिष्ठ अभियंता महाबीर शर्मा, अस्सिटेंट अमित गुप्ता, क्लर्क सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।



फोटो 8 एसएनपी 5. कार्यकारी अभियंता से मिलने पहुंचां यूनियन का शिष्टमंडल।

# बस और कार टकराई बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित शहर के बाईपास के निकट हरियाणा रोडवेज की बस से कार टकरा गई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन एयरबैग खुलने से कार में सवार दो व्यक्ति बाल-बाल बच गए। बस लगभग आधा घंटे तक मौके पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में देर हुई। दूसरी तरफ इसी हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर गांव सैनीपुरा के पास पलट गया। इस हादसे में भी कार में सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गए।

रविवार को हरियाणा रोडवेज की बस चंडीगढ़ से रोहतक जा रही थी। रात लगभग नौ बजे बस पानीपत-रोहतक हाईवे के गोहाना बाईपास के पास पहुंची। बाईपास से बस गोहाना शहर तरफ आ रही थी। इसी दौरान बस के पिछले हिस्से में तेज रफ्तार कार टकरा गई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एयरबैग खुलने से कार में सवार दो व्यक्ति बाल-बाल बच गए। बताया गया है कि कार में सवार व्यक्ति गन्नौर की तरफ रहे थे। हादसे के बाद चालक ने बस को मौके पर रोक दिया। बस में सवार यात्रियों और राहगीरों ने कार में सवार व्यक्तियों को संभाला। बस लगभग आधा घंटा तक मौके पर खड़ी रही। बाद में उसे रवाना किया गया।

## पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही

# पटवारखानों में पहुंचें लोगों को फिर हाथ लगी मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है। तहसील कार्यालय में हालांकि रजिस्ट्री की प्रक्रिया जारी है, लेकिन पटवारखानों में काम लेकर जा रहे लोगों को खाली हाथ ही लौटना पड़ रहा है। पे-ग्रेड बढ़वाने समेत अन्य मांगों को लेकर पटवारी व कानूनगो हड़ताल कर रहे हैं। पटवारियों का कहना है कि जब तक सरकार वार्ता कर समाधान नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर जिले में 79 पटवारी व 20 कानूनगो हड़ताल पर है। पटवारखाने में जमीन से संबंधित काम कराने आए लोगों को बिना काम करवाए वापस घर लौटना पड़ रहा है। जमीन पैमाइश, भूमि रिकॉर्ड, फसलों का सत्यापन आदि के कार्य नहीं हुए। जिला प्रधान सन्नी दहिया ने कहा कि वर्ष 2018 में पटवारियों की भर्ती हुई थी, उसके बाद कोई भर्ती नहीं हो सकी। उसके बाद से सरकार की ओर से रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिले में पटवारियों के 130 पद है। जिसमें से 79 पदों पर पटवारी नियुक्त है। जिसके चलते पटवारियों को दो-दो सर्कलों का काम करना पड़ रहा है। काम में देरी होने के बाद लोग शिकायत करनी शुरू कर देते हैं। तीन दिन की हड़ताल के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई। जिसके चलते 10 जनवरी तक हड़ताल बढ़ानी पड़ी। धरना स्थल पर एसोसिएशन के सचिव नितेश, युद्धवीर, संदीप धनखड़, रवि लाकड़ा, सुमित आंतिल समेत अन्य पटवारी व कानूनगो मौजूद रहे।

### डीआरओ से आधा घंटे तक की बैठक

जिला प्रधान सन्नी दहिया के नेतृत्व में पटवारी स्थानीय मुद्दों की मांग को लेकर पटवारी जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री से मिले। करीब आधा घंटे तक चली बैठक के बाद डीआरओ ने उनकी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस पर पटवारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनके स्थानीय मुद्दों को जल्द सुलझाया नहीं गया तो वह राज्य स्तरीय की हड़ताल के बाद जिला स्तर पर आंदोलन शुरू कर देंगे।

### चार दिन में 39 हजार फाइलें अटकी

कानूनगो व पटवारियों की हड़ताल के चलते सोमवार को भी तहसील परिसरों में रजिस्ट्री प्रक्रिया जारी रही। वहीं चार दिन में करीब 39 हजार फाइलें लंबित है। इंतकाल, फर्द, वसीयतनामा, नक्शे, जाति, आय, रिहायशी व अन्य तरह के प्रमाणपत्र नहीं बन पाए। इसके अलावा फसल सत्यापन और जमीन की पैमाइश संबंधी कार्य भी प्रभावित हुए।

### राष्ट्र स्तरीय स्के मार्शल आट्र्स में छाए खिलाड़ी

**खरखौदा।** 24 वीं राष्ट्र स्तरीय स्के मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कैडेट वर्ग में हार्दिक ने 24 किलो भार वर्ग में दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा। सब जूनियर वर्ग में सिद्धि ने 37 किलो भार वर्ग में, विशाल ने +53 किलो भार वर्ग में रजत पदक व सीनियर महिला भार वर्ग में प्रीति 66 किलो में रजत पदक , पुरुष वर्ग में अमित आर्य ने के 3 में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता राजस्थान स्के मार्शल आट्र्स एसोसिएशन के बैनर तले करवाई गई। यह प्रतियोगिता सुरेश ज्ञान बिहार यूनिवर्सिटी जयपुर में 3 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक करवाई गई । इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों से 2150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।